तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 12.9 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, मंगलवार 17 मार्च 2026

12 बार काउंसिल चुनाव : मैदान में रोहतक के छह प्रत्याशी




12 बिजली सुधार अभियान तेज, 20 दिन में 150 से ज्यादा ...



## गैस की कमी के कारण सेवा करने वाली संस्थाएं भी प्रसाद से पीछे खींच रहीं हाथ

# गरीबों की रोटी पर गैस की मार, लकड़ी से किसी तरह पका रहे चावल और दाल

**सोमवार को गैस एजेंसियां बंद रहीं, फिर भी 6500 सिलेंडर की होम डिलीवरी**

**एजेंसियों में 9784 सिलेंडर मौजूद मंगलवार को 8 हजार और पहुंचेंगे**

**सिलेंडरों की मांग सामान्य से अधिक होने से बढ़ रही परेशानी, पैनिक न हों**

**होटलों व दुकानों की जांच कर दी घरेलू सिलेंडर का प्रयोग न करने की हिदायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों को लेकर उपभोक्ताओं के बीच हाहाकार की स्थिति बनी हुई है। सोमवार को अधिकांश गैस एजेंसियां बंद रहने के कारण उपभोक्ताओं को सिलेंडर प्राप्त करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि गैस एजेंसियों की ओर से दावा किया गया है कि सोमवार को होम डिलिवरी के माध्यम से करीब साढ़े छह हजार सिलेंडर उपभोक्ताओं तक पहुंचाए गए। गैस की किल्लत से शहर की कई समाजसेवी संस्थाएं भी काफी प्रभावित हो गई हैं। गोहाना रोड स्थित सति भाई साईदास आश्रम में रोजाना हजारों लोगों के लिए भंडारे का प्रसाद बनाया जाता है। लेकिन कई दिन से गैस नहीं मिलने की वजह से खाना बनाने में दिक्कतें आ रही हैं। खाना कम मात्रा में बनने लगा है। गैस नहीं मिलने से लकड़ियों पर ही दाल और चावल बनाया जा रहा है। अब रोटियां नहीं पकाई जा रही हैं। वहीं, बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की बुकिंग लंबित बताई जा रही है। इस समय एलपीजी सिलेंडरों की मांग सामान्य दिनों की तुलना में अधिक बनी हुई है। कई उपभोक्ताओं ने पिछले कुछ दिनों से बुकिंग करवाई हुई है, लेकिन एजेंसियों के पास पर्याप्त सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने के कारण समय पर आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

### हालात अब भी तनावपूर्ण

सोमवार को एजेंसियां बंद रहने के कारण उपभोक्ता सीधे एजेंसियों से सिलेंडर नहीं ले पाए, जिससे स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के मुताबिक सोमवार को तकरीबन 6500 सिलेंडर की होम डिलिवरी गैस एजेंसियों ने कराई है। देर शाम तक मिली रिपोर्टों के मुताबिक 9784 सिलेंडर का स्टॉक विभिन्न एजेंसियों में मौजूद था। मंगलवार को 7 से 8 हजार सिलेंडर और पहुंचने की उम्मीद है। गैस बुकिंग को लेकर मंगलवार को हालात और ज्यादा तनावपूर्ण हो सकते हैं। क्योंकि सोमवार को गैस एजेंसियों की छुट्टी होती है। मंगलवार को एजेंसियों पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ती है। अब तो एलपीजी को लेकर मारामारी है। ऐसे में एलपीजी को लेकर हाहाकार मचने की पूरी आशंका है।



रोहतक। गोहाना रोड स्थित सति भाई साईदास आश्रम में घरेलू सिलेंडर नहीं मिलने पर लकड़ी से खाना बनाते सेवक। फोटो : हरिभूमि

### घबराकर अनावश्यक बुकिंग न करें



घरेलू एलपीजी को लेकर डीसी ने सोमवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों की मीटिंग ली। इसमें उन्होंने लोगों का आह्वान किया है कि वे घबराकर गैस सिलेंडर की अनावश्यक बुकिंग न करें। जिला में गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन घरेलू और वाणिज्यिक एलपीजी गैस की आपूर्ति पर लगातार निगरानी रख रहा है। ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सके। सरकार के निर्देशानुसार वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडरों के वितरण को व्यवस्थित करने के लिए उनकी अध्यक्षता में जिला स्तर पर एक समिति का गठन किया गया है। इस समिति में पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन तथा जिला शिक्षा अधिकारी को सदस्य बनाया गया है, जबकि जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक को सदस्य सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

### सिटी मजिस्ट्रेट अंकित नोडल अधिकारी नियुक्त

डीसी ने कहा कि एलपीजी वितरण की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट अंकित कुमार को जिला में एलपीजी गैस वितरण एवं प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार उपमंडल स्तर पर भी संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में समितियों का गठन किया जाए, जो अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और विवाह समारोहों जैसे आवश्यक कार्यों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की निगरानी करेंगी। गुप्ता ने कहा कि शहर की तीन गैस एजेंसियों लक्ष्मी गैस एजेंसी, खनगवाल गैस एजेंसी और जैन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं द्वारा घबराहट में अधिक बुकिंग की जा रही है। इस स्थिति को देखते हुए जैन गैस एजेंसी के लिए गैस की आपूर्ति पहले ही बढ़ा दी गई है, जबकि लक्ष्मी गैस एजेंसी और खनगवाल गैस एजेंसी के लिए भी आपूर्ति बढ़ाने के लिए तेल कंपनियों को पत्र लिखा गया है।

### बुकिंग के बाद भी इंतजार करना पड़ रहा

अधिकारियों के अनुसार मंगलवार को जिले में सात से आठ हजार अतिरिक्त सिलेंडर और पहुंचने की संभावना है। यदि यह आपूर्ति समय पर हो जाती है तो उपभोक्ताओं को काफी हद तक राहत मिल सकती है। एकता कॉलोनी के उपभोक्ता रामबीर का कहना है कि सिलेंडर की बुकिंग के बाद भी कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। हमें खाना बनाने में भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इन्होंने आरोप लगाया कि गैस एजेंसियों पर भीड़ होने के कारण उन्हें सही जानकारी नहीं मिल पा रही है।

### सिरतार संस्थान में रसोई गैस का संकट

शहर में रसोई गैस की सप्लाई डगमगाने के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संकट सिरतार संस्थान में देखने को मिल रहा है, जहां गैस की कमी के कारण दैनिक व्यवस्थाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। अगर संकट ऐसा ही रहा तो लकड़ी जलाकर खाना तैयार किया जाएगा। संस्थान का कहना है अब लकड़ी पर खाना बनाया जाएगा।

## मदवि परिसर में पीएनजी, पर हॉस्टलों में कनेक्शन नहीं

***हॉस्टल नंबर-1 और 5 में गैस खत्म, अब लकड़ी जलाकर खाना बनाने की हो रही तैयारी***

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के हॉस्टलों में इन दिनों गैस सिलेंडर की भारी कमी देखी जा रही है, जिससे मेस व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हॉस्टल नंबर-1 और हॉस्टल नंबर-5 में गैस न होने के कारण अब लकड़ी जलाकर खाना तैयार किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के अधिकांश हॉस्टलों में सिलेंडरों की आपूर्ति कम होने से मेस संचालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हॉस्टल एक और पांच में स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि वहां पारंपरिक तरीके से लकड़ियों का उपयोग कर विद्यार्थियों के लिए भोजन बनाया जा रहा है। अन्य हॉस्टलों में भी पर्याप्त स्टॉक नहीं है। वहां उपलब्ध कम सिलेंडरों के साथ जैसे-तैसे काम चलाया जा रहा है।

## सांपला में कालाबाजारी पर छापेमारी, 12 घरेलू सिलेंडर जब्त

**सांपला।** कस्बे में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए छापेमारी अभियान चलाया। सोमवार को एसडीएम उत्सव आनंद के निर्देश पर खाद्य एवं पूर्ति विभाग और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने कस्बे व आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न दुकानों पर जांच की। इस दौरान कई स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का कमर्शियल उपयोग करते हुए पाया गया। छापेमारी के दौरान टीम ने अलग-अलग स्थानों से कुल 12 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए, जिन्हें जब्त कर संबंधित गैस एजेंसी में जमा करा दिया गया। टीम ने दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि



भविष्य में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते पाए गए तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, पिछले कुछ समय से कस्बे में घरेलू गैस को लेकर लोगों में काफी परेशानी देखने को मिल रही है। गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी लाइनें लग रही हैं। कई उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में कालाबाजारी की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही थीं, जिसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई का निर्णय लिया। टीम ने बेरी रोड, मुख्य बाजार, खरखोदा मार्ग, दहकोरा मार्ग और हसनगढ़ क्षेत्र में कई दुकानों पर जांच की। जांच के दौरान कुछ दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग कमर्शियल कामों में करते हुए पाया गया। छापेमारी की सूचना मिलते ही कस्बे में हड़कंप मच गया और कई दुकानदारों ने अपने सिलेंडर दूसरी जगह छिपाने की कोशिश भी की। हालांकि टीम ने कार्रवाई करते हुए 12 सिलेंडर जब्त कर लिए।

## खबर संक्षेप

### मदवि के 7 छात्र नेट/जेआरएफ में सफल

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने वर्ष 2026 की सीएसआईआर-यूजीसी नेट/जेआरएफ परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विभाग के सात विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस परीक्षा में शिल्पी, यामिनी, अंकित, हेरल, अमित और मेघा ने सीएसआईआर-यूजीसी नेट जेआरएफ उत्तीर्ण किया, जबकि चंचल ने सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा पास की। विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### मस्जिद दुकान विवाद में पूर्व प्रधान राजेंद्र भी गिरफ्तार

**सांपला।** मस्जिद परिसर की दुकान को लेकर चल रहे विवाद में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए ऑडियो मामले में नाम आने वाले मस्जिद के पूर्व प्रधान राजेंद्र को भी सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने इससे पहले मस्जिद की दुकान जबरन खाली करवाने के मामले में दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था। इन्हीं आरोपियों के साथ वायरल ऑडियो में कथित तौर पर सहयोग की बात सामने आने के बाद पुलिस ने पूर्व प्रधान राजेंद्र को भी गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच लगातार जारी है और घटना में शामिल अन्य आरोपियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। वहीं इस मामले को लेकर सांपला के व्यापारी वर्ग में पहले से ही रोष बना हुआ है।

## चिड़ी में भूमि विवाद, किसान की हत्या

**पहले फायरिंग फिर लाठी-डंडों से हमला, चार युवकों पर आरोप**

- कार्रवाई न होने से परिजनों में रोष, शव लेने से इनकार
- कुछ युवक जमीन को कब्जे में लेना चाहते थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में जमीन के विवाद को लेकर एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। गांव चिड़ी के रहने वाले 48 वर्षीय कृष्ण पर कुछ युवकों ने पहले फायरिंग की और जब वह गोली से बच गया तो लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में कृष्ण को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पीजीआई में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने गांव बहुअकबरपुर के चार युवकों पर रंजिशन हमला कर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिवार का कहना है कि पुलिस को शिकायत देने के बावजूद अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। परिवार और ग्रामीणों में काफी रोष है। परिजनों ने विरोध जताते हुए शव लेने से भी इनकार कर दिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।



मृतक कृष्ण का फाइल फोटो।

### 1.5 एकड़ जमीन का विवाद

मृतक के भतीजे सुनील ने बताया कि कुछ समय पहले कृष्ण ने गांव बहुअकबरपुर निवासी रामचंद्र से करीब डेढ़ एकड़ जमीन खरीदी थी। उसी जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि बहुअकबरपुर के कुछ युवक उस जमीन को अपने कब्जे में लेना चाहते थे और कई बार कृष्ण को जमीन छोड़ने के लिए धमकी भी दे चुके थे। सुनील के मुताबिक कृष्ण ने आरोपियों से कहा था कि यदि उन्हें जमीन चाहिए तो जितने पैसे में जमीन खरीदी है, उतने पैसे दे दें। लेकिन आरोपी बिना पैसे दिए ही जमीन पर कब्जा करना चाहते थे। इसी रंजिश के चलते 12 मार्च को कृष्ण पर हमला किया गया। बाद में पीजीआई में कृष्ण ने दम तोड़ दिया।

### सख्त कार्रवाई की मांग

मृतक के परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में गांव बहुअकबरपुर के चार युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। इनमें मंजीत पुत्र जयपाल, मोहित, अन्नू और चंदू के नाम शामिल बताए गए हैं। परिजनों का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

**मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश**

## 12 बाइक व एक स्कूटी बरामद

- गिरोह में शामिल एक आरोपी व एक नाबालिग पकड़ा, कई थानों में दर्ज वारदातों का खुलासा



आरोपित पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस की सीआईए-2 टीम ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक गिरोह का खुलासा करते हुए एक आरोपी और एक नाबालिग युवक को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 12 मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान पकंज उर्फ वंश निवासी गोरड जिला सोनीपत के रूप में हुई है। वहीं, मामले में शामिल एक नाबालिग युवक को पुलिस अभिरक्षा में लेकर बाल न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। मुख्य आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था और रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सीआईए-2 प्रभारी उप निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि भगवतीपुर निवासी विकास की शिकायत पर थाना आर्य नगर में बाइक चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि 5 मार्च को उसने अपनी बाइक बाबा बालक पुरी के पास आईटीआई ग्राउंड के नजदीक खड़ी की थी, लेकिन लौटा तो गायब मिली।

**मदवि के शोध ने दिखाया रास्ता, ड्रग रीपरपजिंग में तीन दवाएं मिलीं प्रभावी**

## पुरानी दवाओं ने जगा दी नई उम्मीद अब मिर्गी का इलाज होगा आसान

**सेंटर फॉर बायोइन्फॉर्मेटिक्स विभाग के शोधकर्ता डॉ. अजीत कुमार के नेतृत्व में मिली सफलता**

रोहित डागर ▶▶ रोहतक

चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक के सेंटर फॉर बायोइन्फॉर्मेटिक्स विभाग के शोधकर्ताओं ने मिर्गी के उपचार के लिए नई संभावनाओं का रास्ता खोला है। विभाग के वैज्ञानिक डॉ. अजीत कुमार के नेतृत्व में किए गए शोध में 'कंप्यूटेशनल ड्रग रीपरपजिंग' तकनीक का उपयोग कर तीन ऐसी पुरानी दवाओं की पहचान की गई है, जो भविष्य में मिर्गी के दौरों को नियंत्रित करने में प्रभावी साबित हो सकती हैं। यह शोध अंतरराष्ट्रीय पत्रिका साइंटिफिक रिपोर्ट (नेचर पोर्टफोलियो) में प्रकाशित हुआ है।



**मिर्गी एक गंभीर न्यूरो लॉजिकल बीमारी**

विश्व स्तर पर मिर्गी एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया भर में करीब 5 करोड़ लोग इससे पीड़ित हैं, जबकि भारत में यह संख्या लगभग 1.2 करोड़ है। चिंताजनक तथ्य यह है कि करीब 30 प्रतिशत मरीजों पर मौजूदा दवाएं असर नहीं करतीं, जिसे 'ड्रग-रेसिस्टेंट सीजर' कहा जाता है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए एमडीयू के वैज्ञानिकों ने पहले से स्वीकृत दवाओं के नए उपयोग खोजने पर शोध किया।

### ये तीन संभावित दवाएं

- **ऑक्साप्रोज़िन** : यह दवा सबसे प्रमुख। इसने तीनों लक्षित प्रोटीनों के साथ सबसे मजबूत बंधन (बाइंडिंग एफिनिटी ) दिखाया। कंप्यूटर सिमुलेशन के दौरान यह लंबे समय तक स्थिर रही। यह सबसे प्रभावी हो सकती है।
- **पिजोटिफ़ेन** : मिर्गी के मुख्य रिसेप्टर्स के साथ मजबूत जुड़ाव दिखा।
- **साइप्रोहेप्टाडाइन** : मिर्गी के जैविक लक्ष्यों को नियंत्रित करने की क्षमता।

### मिर्गी के खतरे और श्रेणियां

- **शारीरिक चोट** : दौरे के दौरान गिरने से गंभीर चोट लगने का खतरा।
- **स्टेटस एपिलेप्टिकस** : एक के बाद दूसरा दौरा बिना रिकवरी के (5 मिनट के भीतर) आए तो व्यक्ति कोमा में जा सकता है या दिमागी मृत्यु संभव।
- **सूडेप** : इसका अर्थ है 'सडन अनएक्सपेक्टेड डेथ इन एपिलेप्सी। यह दुर्लभ है, लेकिन अचानक मृत्यु का कारण बनता है।

### क्या है ड्रग रीपरपजिंग

ड्रग रीपरपजिंग का मतलब है कि किसी बीमारी के लिए उपयोग हो रही दवा को किसी दूसरी बीमारी के इलाज में इस्तेमाल करना। उदाहरण के तौर पर एस्पिरिन को पहले दर्द और सिरदर्द के लिए बनाया गया था, लेकिन अब इसका उपयोग खून पतला करने वाली दवा के रूप में हार्ट और ब्रेन स्ट्रोक से बचाव में किया जाता है।

### कैसे अलग है तरीका

- नई दवा विकसित करने में लगते हैं लगभग 15 साल
- ड्रग रीपरपजिंग से समय घटकर 6–7 साल रह सकता है
- दवाओं की सुरक्षा और साइड इफेक्ट पहले से ज्ञात होते हैं
- शोध लागत और समय दोनों में बड़ी बचत

### आधुनिक तकनीक और मशीन लर्निंग

विशेषज्ञों के अनुसार यह शोध आधुनिक बायोइन्फॉर्मेटिक्स और मशीन लर्निंग की ताकत को भी दर्शाता है। हालांकि इन दवाओं का प्रभाव अभी प्रयोगशाला की सेल लाइनों पर परखा जाना बाकी है, लेकिन शुरुआती परिणाम उम्मीद जगाने वाले हैं। यदि आगे के परीक्षण सफल रहे तो यह खोज खासकर उन मरीजों के लिए राहत बन सकती है जिन पर मौजूदा दवाएं असर नहीं करतीं। अभी इन दवाओं का सेल लाइन्स पर परीक्षण होना बाकी है।

### 2,769 दवाओं का किया विश्लेषण

वैज्ञानिकों ने 'ड्रगबैंक' डेटाबेस में मौजूद 2,769 दवाओं का कंप्यूटर आधारित विश्लेषण किया। इसके लिए कंप्यूटेशनल मॉडलिंग, मशीन लर्निंग और मॉलिक्यूलर डॉकिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया। शोध का उद्देश्य ऐसी दवाओं की पहचान करना था जो मस्तिष्क तक आसानी से पहुंच सकें (ब्लड-ब्रेन बैरियर परमेबिलिटी )और मिर्गी से जुड़े प्रमुख प्रोटीन वोल्टेज-गेटेड सोडियम चैनल, गाबा रिसेप्टर और वोल्टेज-गेटेड कैल्शियम चैनल पर प्रभावी असर डाल सकें। हजारों दवाओं की जांच के बाद 46 दवाएं ऐसी पाई गईं, जिनके परिणाम मौजूदा मानक (जैसे कार्बामाज़ेपिन, क्लोनाज़ेपम और प्रीगाबालिन) दवाओं से बेहतर दिखाई दिए। इनमें से तीन दवा सबसे अधिक संभावनाशील रहीं

# ओरल कैंसर के इलाज में अब होगा एआई का प्रयोग

## डेंटल कॉलेज में कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल ने किया क्लीनिक का उद्घाटन

**कैंसर के शुरुआती लक्षणों की जांच बायोप्सी और उपचार की मिलेगी सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश वासियों को ओरल कैंसर से बचाने के लिए पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ने डेंटल साइंसेज ने ओरल कैंसर के इलाज की तरफ एक महत्वपूर्ण कदम बढाते हुए कैंसर के खिलाफ जंग में नई उम्मीद जगाई है और यह मरीजों के लिए एक वरदान की तरह साबित होगा। ओरल कैंसर एक ऐसा भयावह कैंसर है जिसकी स्टेज बढ़ जाने पर इंसान का चेहरा तो खराब हो ही सकता है वहीं उसे खाने में भी बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पडता है। ऐसे में ओरल कैंसर की समय पर पहचान होनी बहुत जरूरी है। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल का। वें सोमवार को डेंटल कॉलेज में हरियाणा सरकार के सहयोग से स्थापित किए गए ओरल प्री कैंसर और कैंसर क्लीनिक का सोमवार सुबह रिबन काटकर शुभारंभ करने पहुंचे थे।

**स्पेशल क्लीनिक में एआई तकनीक से होगा इलाज:** डॉक्टर एच के अग्रवाल ने कहा कि यह क्लीनिक मरीजों को कैंसर के शुरुआती लक्षणों की जांच और उपचार के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि स्पेशल क्लीनिक में जल्द ही एआई तकनीक का भी प्रयोग किया जाएगा ताकि बिल्कुल शुरुआत में भी कैंसर की पहचान हो सके। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि ओरल कैंसर एक गंभीर समस्या है, लेकिन शुरुआती पहचान से इसका इलाज संभव है। हर साल भारत में लगभग 1 लाख लोग ओरल कैंसर से प्रभावित होते हैं।



रोहतक। डेंटल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल का स्वागत करते प्राचार्य डॉ संजय तिवारी,ओरल कैंसर क्लीनिक की इंचार्ज डॉ अंबिका गुप्ता व डॉ हरनीत सिंह। फोटो : हरिभूमि

### मरीजों को सर्वोत्तम उपचार मिलेगा

निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल ने कहा कि यह क्लीनिक डेंटल कॉलेज की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉक्टर एमजी वशिष्ठ ने कहा कि यह क्लीनिक छात्रों को कैंसर के बारे में शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने में भी मदद करेगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन मित्तल ने बताया कि क्लीनिक में आधुनिक उपकरणों और तकनीक का उपयोग किया जाएगा ताकि मरीजों को सर्वोत्तम संभव उपचार प्रदान किया जा सके। प्राचार्य डॉ संजय तिवारी ने कहा कि यह क्लीनिक डेंटल कॉलेज की प्रतिष्ठा को बढ़ाएगा और मरीजों को जानलेवा बीमारी से निजात दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर डॉ लवीना, डॉक्टर चीना,डॉक्टर कोमल, डॉक्टर संजीव प्रसाद, डॉ मन्नू राठी, डॉक्टर वीरेंद्र ,डॉ माला, डॉक्टर अंशुल, डॉ मंजूनाथ, डॉ आदर्श, डॉक्टर विपुल सहित समस्त डेंटल कॉलेज की फैकल्टी उपस्थिति रही।

### क्लीनिक में बायोप्सी उपचार की भी सुविधा

ओरल कैंसर क्लीनिक की इंचार्ज डॉ अंबिका गुप्ता ने बताया कि क्लीनिक में मरीजों को कैंसर के शुरुआती लक्षणों की जांच, बायोप्सी, और उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी। डॉ हरनीत सिंह ने कहा कि क्लीनिक में मरीजों को परामर्श और शिक्षा भी प्रदान की जाएगी ताकि वे अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक रहें। उन्होंने बताया कि अक्सर लोग दांत के छोटे टुकड़े को निकलवाते नहीं है और वह भविष्य में ओरल कैंसर का कारण बन सकता है।

**ओरल कैंसर के प्रमुख लक्षण**

- मुंह में सफेद या लाल धब्बे
- मुंह में दर्द या जलन
- गले में गांठ या सूजन
- दांतों का ढीलापन
- खाने या पीने में कठिनाई

---

### खबर संक्षेप

**शहर में आज**

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।
- जाट कॉलेज में खेल कूद प्रतियोगिता।

### बीबीए छठे सेमेस्टर 'री-अपीयर'का परिणाम घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने दिसंबर 2025 में आयोजित बीबीए, बीबीए (II), बीबीए (सीएएम) और बीबीए (बीई) के छठे सेमेस्टर (री-अपीयर) की परीक्षाओं का परिणाम 16 मार्च को घोषित कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि विद्यार्थी अपना परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**झज्जर।** दुजाना में ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस को दी शिकायत में मृतक की पत्नी ने बताया कि रविवार को उसका पति दीपक किसी काम से बेरी रोड पर गया था। शाम पांच बजे सूचना मिली की उसके पति का एक्सीडेंट हो गया। पहुंची घटना के संबंध में जानकारी ली तो पता चला कि उसके पति को बहुझोलरी निवासी ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मारी है।

---

## अनुशासन, आत्मविश्वास व टीम भावना को विकसित करते हैं खेल : प्रीति

# लड़कों की 25 मीटर दिव्यांग दौड़ में ऋषभ पाल ने पाया प्रथम स्थान



रोहतक। आयोजित वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ करते अतिरिक्त उपायुक्त नरेन्द्र कुमार,डॉ. प्रीति गुगनानी,आरजू परवीन, डॉ. मनीष कुमार सिन्हा व प्राचार्य डॉ. एडी पासवान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सिरतार संस्थान में सोमवार को वार्षिक खेल उत्सव-2026 का आयोजन नरेन्द्र कुमार अतिरिक्त उपायुक्त रोहतक एवं निदेशक सिरतार की अध्यक्षता में किया गया। विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में 25 मीटर दिव्यांग लड़कों की दौड़ में ऋषभ पाल प्रथम, नक्श दूसरे व विहान तीसरे स्थान पर रहा। 50 मीटर की दिव्यांग लड़कों की दौड़ में चाँद प्रथम, शुभम द्वितीय व सर्वधन तृतीय स्थान पर रहे।

इस समारोह के मुख्यातिथि डॉ. प्रीति गुगनानी, विशिष्ट अतिथि आरजू परवीन, डॉ. मनीष कुमार सिन्हा तथा डॉ. नीखिल, फिजियोथेरेपिस्ट ने उपस्थित होकर खेल प्रतिभागियों को प्रौत्साहित किया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. एडी पासवान द्वारा सभी अतिथियों के पधारने पर उनका बुके देकर हार्दिक स्वागत किया गया। विशिष्ट व मुख्य अतिथियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के अनुरूप मेडलज य प्रमाण पत्र देकर बधाई दी। मुख्यातिथि ने कहा कि खेल केवल शाररिक गतिविधि ही नही बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना को विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होने सिरतार में आयाजित खेल प्रतियोगिताओं की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### 100 मीटर में विकास प्रथम

100 मीटर दिव्यांग लड़कों की दौड़ में विकास प्रथम व रविन्द्र द्वितीय व मनोज तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक में विकास प्रथम, कुशाल द्वितीय व रवि तृतीय स्थान पर रहे। 25 मीटर दिव्यांग लड़कों की पैदल चाल में आशीष प्रथम, लवेश द्वितीय व रूद्राक्ष तृतीय स्थान पर रहे। 25 मीटर दिव्यांग लड़कियों की पैदल चाल में पावनी प्रथम, महक द्वितीय व माही तृतीय स्थान पर रही। गोला फेंक लड़को में पार्थ प्रथम, जय राठी द्वितीय व जागृत तृतीय स्थान पर रहे।

---

**40 रन से जीता, विशाल मैन ऑफ द मैच**

## साई प्रीमियर लीग में 'गोयनकन वॉरियर्स' टीम की शानदार जीत

- राजपूत ने 3 ओवर में 21 रन देकर झटके 3 विकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

साई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल की टीम 'गोयनकन वॉरियर्स' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सनफ्लैग ग्लोबल हीलर्स को 40 रन से हराकर जीत दर्ज की। मुकाबले में टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन बल्लेबाज़ी और सटीक गेंदबाज़ी का प्रदर्शन किया। मैच में पहले बल्लेबाज़ी करते हुए गोयनकन वॉरियर्स ने निर्धारित ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए। टीम की ओर से रमेश लाला ने 18 गेंदों में 28 रन और अमित हुड्डा ने 20 गेंदों में 30 रन की महत्वपूर्ण पारियाँ खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनफ्लैग ग्लोबल हीलर्स की टीम गोयनकन वॉरियर्स की सधी हुई गेंदबाज़ी के सामने टिक नहीं सकी और 108 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह गोयनकन वॉरियर्स ने मुकाबला 40 रन से अपने नाम कर लिया। गेंदबाज़ी में दीपक शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 ओवर में केवल 9 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। वहीं विशाल राजपूत ने 3 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मिलन सिंह ने भी किफायती गेंदबाज़ी करते हुए 4 ओवर में 10 रन देकर 1 विकेट लिया। विद्यालय के निदेशक विक्रांत मायना, सान्या मायना, सह निदेशक हिमांशु गुप्ता तथा उप-प्रधानाचार्य अमन अग्रवाल ने टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी।




---

**भाजपा नेता ने चबूतरे पर बुलाई थी पंचायत**

## कूड़ा बीनने वाले परिवारों को 15 दिन में शहर छोड़ने का फरमान

**अजीत बोले, बांग्लादेशी रोहिंग्या होने का शक देश की सुरक्षा के लिए हैं ये सबसे बड़ा खतरा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सोमवार को चौबीसी चबूतरे पर एक पंचायत आयोजित की गई। भाजपा नेता अजीत अहलावत पंचायत के संयोजक थे। यह पंचायत उन परिवारों को महम से बाहर निकालने के लिए आयोजित की गई थी, जिनसे देश की सुरक्षा को खतरा है। भाजपा नेता अजीत अहलावत ने कहा कि कस्बा महम के साथ सटे किशनगढ़ ग्राम पंचायत की अशोक नगर कॉलोनी में करीब 45 परिवार ऐसे हैं, जो झोपड़ियां डालकर यहां रह रहे हैं। इनकी गतिविधियां संदिग्ध हैं। ये परिवार बांग्लादेशी रोहिंग्या हैं। इनको यहां से बाहर निकालना चाहिए। जबकि संबंधित परिवारों का कहना है कि वे असम के मुसलमान हैं। वे यहां पर कूड़ा बीनने और दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं। चौबीसी चबूतरे पर हुई पंचायत में यह निर्णय लिया गया कि या तो ये परिवार 15 दिन के अंदर यह शहर छोडकर चले जाएं। वरना यह उनके लिए अच्छा नहीं होगा।



महम। चौबीसी चबूतरे पर आयोजित पंचायत को संबोधित करते गो सेवक।

### ये रहे मौजूद

भाजपा नेता महंत सतीश दास ने कहा कि यदि इन परिवारों ने ऐसा नहीं किया तो एसडीएम कार्यालय के सामने धरना दिया जाएगा। शहर में प्रदर्शन किए जाएंगे। प्रशासन को इन परिवारों को यहां से हटाना चाहिए। गोसेवक और हिंदू संगठनों से जुड़े लोग यहां पर धरने प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर महंत सतीश दास, अजीत अहलावत, बिंटू जौली, सुमित सिवाच, दिनेश ठाकुर, प्रवीण जांगड़ा, अनिल सीसर, सुनील किशनगढ़, कपिल ढेर पाना, सुमित ढाका, जोगिंद्र गिरोत्रा, विकास श्योराण, सुखबीर गोयत और गौ रक्षा दल के कई सदस्य मौजूद थे।

### माहौल खराब करना चाहती है भाजपा : संदीप नेहरा

महम के ऐतिहासिक चबूतरे पर हुई पंचायत को लेकर इनेलो नेता संदीप नेहरा ने कहा कि बीजेपी के स्थानीय नेता रोहिंग्या के बहाने से महम में माहौल खराब करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर इनके गलत इरादों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। पंचायत किसी खाप प्रधान या खाप पंचायत के द्वारा बुलाई हुई मीटिंग नहीं थी। ये मीटिंग केवल बीजेपी के द्वारा बुलाई गई थी। जिसमें किसी खाप के कोई सदस्य ने भाग नहीं लिया। नेहरा ने कहा कि इस मीटिंग में केवल स्थानीय बीजेपी के चंद सदस्यों के इलावा सिर्फ खाली कुर्सियों देखने को मिली।



संदीप नेहरा।

---

## सांपला में नेशनल हाईवे के सर्विस रोड पर भरा पानी



**सांपला।** नेशनल हाईवे नंबर 334 गिझी –सांपला बाईपास के सर्विस रोड पर पिछले छह महीने में बारिश का पानी भरा हुआ है। जिसकी वजह से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। गौरतलब है कि इस बार इलाके में सामान्य से ज्यादा बारिश होने पर कस्बे के आसपास पानी जमा हो गया था। बारिश का पानी सर्विस रोड पर दोनों तरफ पानी भरा हुआ है। जिसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा निवासी हरीओम, अनुराग, सुंदर ओहलायन, राजेश कुमार आदि ने बताया कि पानी निकासी के पुख्ता इंतजाम न होने की वजह से लोगों बारिश में परेशानी झेलनी पड़ी। छह महीने बीत गए अब तक नेशनल हाईवे का सर्विस रोड तालाब बना हुआ है। प्रशासन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिसकी वजह से कस्बे के अलावा आस पास के वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

## 10वीं बोर्ड परीक्षा : 9528 बच्चों ने दिया सामाजिक विज्ञान का पेपर

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सोमवार को 10वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान विषय की बोर्ड परीक्षा आयोजत की गई। जिला प्रशासन द्वारा किए गए पुख्ता प्रबंधों के बीच शांतिपूर्वक व पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। जिला में 10वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा में 9647 विद्यार्थियों में से 9528 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 119 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर में लोकतंत्रिक, लोकसभा, धार्मिक जीवन से आसान से प्रश्न पूछे गए थे। पेपर आसान आया हुआ था। उन्होंने बताया कि पेपर में पांच अंक वाले प्रश्न काफी मुश्किल लगे। वैश्वीकरण, सिंधु व बिस्मिल्ला खां अध्यायों से सरल प्रश्न पूछे गए थे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने हा कि जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को सुचारू ढंग व नकलरहित संपन्न करवाने के दृष्टिंागत उडनदस्ते गठित किये गए है तथा डयूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये गए है। पुलिस द्वारा भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए है। जिला में इन बोर्ड परीक्षाओं के 45 परीक्षा केंद्र स्थापित है।हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी एक अप्रैल तक 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है।



परीक्षा देकर बाहर आते विद्यार्थी।

## वार्ड 15 में चलाया जागरूकता अभियाान, आयुक्त के निर्देश, अधिकारी फील्ड में करें निरीक्षण

- शहर को स्वच्छ बनाना निगम की प्राथमिकता

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सोमवार को इसी कड़ी में सफाई कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में जाकर निरीक्षण करें। शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिकता है। इसके लिए जरूरी है कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि वार्ड स्तर पर सफाई कार्यों की निरंतर निगरानी की जाए तथा जहां भी सफाई व्यवस्था में कमी पाई जाए, वहां तुरंत सुधार करवाया जाये। निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि वे नियमित रूप से वार्डों का दौरा करें, कूड़ा उठान, सड़क सफाई, नालों की सफाई तथा डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार समय पर पूरे हों। वार्ड नंबर 15 में सोर्स सेग्रीगेशन एवं जागरूकता अभियान वार्ड सदस्य अनीता मिगलानी की अध्यक्षता में चलाया गया।



रोहतक। अधिकारियों की मीटिंग लेते निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा । फोटो : हरिभूमि

---

## चुलियाना में इनडोर जिम की शुरुआत यज्ञ के साथ ग्रामीणों को मिली सुविधा

**सांपला (हरिभूमि न्यूज)।** खंड के गांव चुलियाना में अब ग्रामीणों को आधुनिक इनडोर जिम की सुविधा का लाभ मिलेगा। गांव में बने इनडोर जिम का विधिवत उद्घाटन हवन-यज्ञ के साथ किया गया। धार्मिक विधि से हवन कर जिम की शुरुआत की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर इस पहल का स्वागत किया। ग्राम सरपंच प्रमोद की पहल और प्रयासों से इस जिम की स्थापना संभव हो सकी। भवन निर्माण से लेकर जिम की आधुनिक मशीनों की व्यवस्था तक उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे गांव के युवाओं और अन्य ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार भी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और फिटनेस सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए गंभीर है। इसी सोच के तहत गांवों में खेल और व्यायाम से जुड़ी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों विशेषकर युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। हवन-यज्ञ के उपरांत जिम के सुचारु संचालन के लिए एक कमेटी का गठन भी किया गया। कमेटी ने पुरुषों और महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुबह और शाम अलग-अलग समय निर्धारित किया है, ताकि हर वर्ग के लोग आसानी से जिम का लाभ उठा सकें। ग्रामीणों का कहना है कि इस पहल से गांव के युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहकर खेल और स्वास्थ्य की ओर प्रेरित होंगे।



सांपला। इंडोर जिम के उद्घाटन के अवसर पर हवन यज्ञ करते चुलियाना के ग्रामीण।

---


**बच्चों की उम्र 18 साल होने तक उनकी देखभाल के लिए 730 दिन की छुट्टी पूरे वेतन के साथ मिलती है**

# सरकारी स्कूलों में अब डीसी की संस्तुति पर ही मिलेंगी सीसीएल, मौलिक शिक्षा निदेशालय ने जारी किए आदेश

**डीसी की सिफारिश के बाद सीसीएल आवेदन को अंतिम मंजूरी के लिए भेजा जाएगा**

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

प्रदेश में सरकारी स्कूलों में जेबीटी/एचटी, सी एंड वी,टीजीटी, ईएसएचएम को चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) लेने के लिए जिला उपायुक्त (डीसी) की संस्तुति जरूरी होगी। इस बारे में सरकार द्वारा पत्र भेज दिया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी नए निर्देशों के अनुसार सीसीएल का आवेदन पहले स्कूल स्तर से होते हुए संबंधित अधिकारियों के माध्यम से जिला प्रशासन के पास भेजा जाएगा और डीसी की सिफारिश के बाद ही इसे अंतिम मंजूरी के लिए आगे भेजा जाएगा। विभाग का कहना है कि इस व्यवस्था से अवकाश के मामलों की बेहतर निगरानी हो सकेगी और जरूरत के अनुसार ही छुट्टी स्वीकृत की जाएगी। मालूम है कि सेवा नियमों के तहत महिला कर्मचारियों के लिए कुल 730 दिन(दो साल) तक चाइल्ड केयर लीव लेने का प्रावधान है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद अब इस अवकाश को मंजूरी दिलाने के लिए अतिरिक्त प्रशासनिक प्रक्रिया से गुजरना होगा।



शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया पत्र

### पूरा वेतन मिलता

प्रदेश में सरकारी कॉलेजों की शिक्षिकाओं को बच्चों की देखभाल के लिए चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) का प्रावधान किया गया है। नियमों के अनुसार शिक्षिकाएं अपनी पूरी सेवा अवधि के दौरान ये छुट्टी ले सकती हैं। यह सुविधा दो बच्चों तक के लिए लागू होती है और बच्चे की उम्र 18 वर्ष तक होने पर इसका लाभ लिया जा सकता है। सीसीएल लेने के लिए संबंधित शिक्षिका को पहले अपने प्राचार्य के माध्यम से आवेदन करना होता है। प्राचार्य द्वारा आवेदन को आगे उच्च शिक्षा विभाग को भेजा जाता है। चाइल्ड केयर लीव के दौरान शिक्षिकाओं को सामान्य वेतन मिलता है, इसलिए इसे महत्वपूर्ण सुविधा माना जाता है। हालांकि विभाग यह भी सुनिश्चित करता है कि छुट्टियों के कारण कॉलेजों में पढ़ाई प्रभावित न हो, इसलिए आवेदन की स्थिति को देखते हुए ही मंजूरी दी जाती है।

### विवि में वीसी देते हैं स्वीकृति

सरकारी विश्वविद्यालयों में कार्यरत महिला कर्मचारियों को बच्चों की देखभाल के लिए सीसीएल का प्रावधान है। यह अवकाश आमतौर पर हरियाणा सिविल सेवा (अवकाश) नियमों के अनुरूप दिया जाता है। नियमों के अनुसार महिला कर्मचारी अपनी पूरी सेवा अवधि के दौरान 730 दिन यानी दो वर्ष तक चाइल्ड केयर लीव ले सकती हैं। यह अवकाश अधिकतम दो बच्चों की देखभाल के लिए दिया जाता है और बच्चे की आयु सामान्यतः 18 वर्ष तक होने पर इसका लाभ लिया जा सकता है। चाइल्ड केयर लीव बच्चे की बीमारी, पढ़ाई, परीक्षा या अन्य देखभाल से जुड़े कारणों के लिए ली जा सकती है। इसके लिए संबंधित कर्मचारी को विश्वविद्यालय प्रशासन को आवेदन देना होता है। आवेदन पर सक्षम प्राधिकारी, जैसे कुलपति या अधिकृत अधिकारी, की मंजूरी के बाद ही अवकाश स्वीकृत किया जाता है।

### पिता भी हकदार

हरियाणा के सरकारी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को भी बच्चों की देखभाल के लिए सीसीएल लेने का प्रावधान है। राज्य सरकार के अवकाश नियमों के अनुसार महिला कर्मचारियों को अपने दो बच्चों की देखभाल के लिए अधिकतम 730 दिन तक ही चाइल्ड केयर लीव ले सकता है। यह अवकाश बच्चों की पढ़ाई, बीमारी के लिए लिया जा सकता है। सामान्यतः यह सुविधा 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए लागू होती है। संबंधित कर्मचारी को अवकाश लेने के लिए संस्थान के सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेनी होती है। वहीं नियमों में संशोधन के बाद अब एकल पुरुष कर्मचारियों को भी इस सुविधा का लाभ दिया जा सकता है।

## प्रमुख मंदिरों में विदेशों से भी पहुंचेंगे श्रद्धालु, बैरिकेडिंग, सफाई व पेयजल सुविधा का किया प्रबंध

# नवरात्र 19 से, सजने लगा आस्था का दरबार भजन-कीर्तन के साथ लगेंगे विशाल भंडारे


रोहतक। प्राचीन शीतला माता मंदिर फोटो : हरिभूमि


रोहतक। गुफा वाला मंदिर फोटो : हरिभूमि


रोहतक। दुर्गा भवन मंदिर। फोटो : हरिभूमि

### देश-विदेश से पहुंचेंगे हजारों भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नवरात्र पर्व के नजदीक आते ही शहर के मंदिरों में तैयारियां तेज हो गई हैं। 19 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिरों को सजाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों, भजन संध्या और विशाल भंडारों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए देश-विदेश से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। रोहतक में कई ऐसे प्राचीन मंदिर हैं जो वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। नवरात्र के दौरान इन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। माता दरवाजा स्थित शीतला माता मंदिर, दुर्गा भवन मंदिर और गुफा वाला वैष्णो मंदिर सहित शहर के अन्य देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिर समितियों ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंदिरों में रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों और आकर्षक सजावट से वातावरण को भक्तिमय बनाया जा रहा है। नवरात्र के पहले दिन घट स्थापना के साथ ही पूजा-पाठ का सिलसिला शुरू हो जाएगा। सुबह-शाम आरती, दुर्गा सप्तशती पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। कई स्थानों पर माता के जागरण भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रसिद्ध भजन गायक भी शामिल हो सकते हैं। मंदिर समितियों के अनुसार, नवरात्र के दौरान प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिरों में विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग, साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही प्रसाद और भंडारे की भी व्यवस्था की जाएगी। नवरात्र के अंतिम दिनों में विशेष हवन-यज्ञ और कन्या पूजन का कार्यक्रम भी होगा। मंदिरों में आने वाले श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करेंगे। मंदिर समितियों का कहना है कि इस बार भी नवरात्रि पर्व को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाने की तैयारी की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को भक्ति और आस्था का विशेष अनुभव मिल सके।

### गुफा वाला मंदिर दिलाता है माता वैष्णो देवी मंदिर की याद

सनातन धर्म में मां वैष्णो के मंदिर के प्रति गहरी आस्था है। वैष्णो देवी मंदिर की तर्ज पर रोहतक में भी एक गुफा वाला मंदिर बनाया गया है, जो कि लोगों की आस्था का केंद्र तो है ही साथ में आकर्षण का केंद्र भी बना हुआ है। इस मंदिर में मां वैष्णो देवी मंदिर की तर्ज पर गुफा बनाई गई है, जिसे देखने और दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग यहां पर आते हैं। श्री सनातम धर्म कृष्ण मंदिर ट्रस्ट मॉडल टाउन के प्रधान विपल बत्रा ने बताया कि यहां हर साल दो बार भागवत कथा का आयोजन होता है। संध्या को भजन, जागरण किए जाते हैं। नवरात्रों और जन्माष्टमी सहित शिवरात्री में बड़े आयोजन किए जाते हैं। 1952 में इस मंदिर का निर्माण किया गया था। उस वक्त यहां पर जंगल और एक सरोवर होता था। जहां पर साधु-संत आकर विश्राम करते थे और उसके बाद यहां पर इस मंदिर की स्थापना की गई। इसकी सुंदरता और वैष्णो देवी मंदिर जैसी अनुभूति पाने के लिए लोग यहां पर आते हैं। मंदिर में आकर उन्हें बहुत सुकून मिलता है। मंदिर के दर्शन करने के लिए भक्त काफी संख्या में पहुंचते हैं। वे नियमित तौर पर मंदिर में पूजा करने के लिए आते हैं और यह बेहद सुंदर है। जब हम गुफा में प्रवेश करते हैं तो ऐसा लगता है कि मां भगवती के दर्शन करने के लिए वैष्णो देवी में पहुंच गए हों।

### 1948 में हुई थी दुर्गा भवन मंदिर की स्थापना

शहर के बीचों बीच स्थित दुर्गा भवन मंदिर की स्थापना 1948 में स्वामी गुरुचरण दास ने की। यहां भगवान शंकर का शिवलिंग पूरे परिवार के साथ स्थापित है। मंदिर में स्थापित शिवलिंग संगमरमर से बना है जो विशेष तौर पर जयपुर से मंगवाया गया था। तभी से भक्तों की अगाध श्रद्धा व आस्था का प्रतीक बना हुआ है शिवलिंग। दुर्गा भवन मंदिर के पुजारी पंडित मनोज कुमार ने बताया कि यहां हर साल नवरात्रों और शिवरात्रि पर भव्य आयोजन होता है। अब नवरात्रों में नौ दिन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिर में भक्तों की श्रद्धा को देखते हुए खास प्रबंध किए जा रहे हैं। मंदिर में भक्तों की श्रद्धा और आस्था काफी है। नवरात्रों के समय पूरे मंदिर को आकर्षक लाइटों से सजाया जाएगा और शिव परिवार को फूलों की माला से सजाया जाएगा। पुजारी ने बताया कि यहां 16 भगवान के दरबार हैं। 47 देवी देवता हैं।यहां माता दुर्गा, भगवात शिव सहित हनुमान, श्रीराम दरबार हैं। अब नवरात्रों की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

### माता शीतला मंदिर में लगेगा मेला

माता दरवाजा चौक पर स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर लगभग 500 वर्ष पुराना माना जाता है। मान्यतानुसार, यहां की पिंडी स्वयंभू (स्वयं प्रकट) है, जिसे एक भक्त ने स्थापित किया था। यह मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां चैत्र नवरात्रि और मेलों में दूर-दूर से भक्त मुंडन और मन्नत के लिए आते हैं। यह मंदिर सदियों पुराना है और स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां माता की पिंडी एक अत्यंत प्राचीन तालाब के पास प्रकट हुई थी, जिसे बाद में व्यवस्थित रूप दिया गया। मंदिर में शीतला माता को 'मसाणी' के रूप में पूजा जाता है, जिन्हें संक्रामक रोगों (चेचक, त्वचा रोग) से मुक्ति दिलाने वाली देवी माना जाता है। महंत थानेश्वर दास उदासीन के बेटे राहुल ने बताया कि चैत्र मास और असाड मास में हर चार बुधवार को यहां विशेष मेले लगते हैं। नवरात्रों में भी यहां भव्य आयोजन किया जाता है। मंदिर की देखरेख और पूजा-अर्चना वर्षों से उदासीन संप्रदाय के महंतों की पीढ़ियों द्वारा की जा रही है। श्रद्धालु अपनी मुरादें पूरी करने के लिए मंदिर परिसर में धागा बांधते हैं और मन्नत पूरी होने पर पुनः दर्शन के लिए आते हैं। यह मंदिर हरियाणा में गुरुग्राम स्थित शीतला माता मंदिर के समान ही मान्यता रखता है।

### साहित्य मनुष्य को मानवीय बनाता है : सुनित मुखर्जी



रोहतक। साहित्य में अनंत संभावनाएं समाहित है। साहित्य मनुष्यों को मानवीय बनाता है। साहित्य जीवन के थपेड़ों को सहने की क्षमता विकसित करता है। साहित्य बेहतर और मानवीय समाज बनाने में योगदान देता है। ये उदगार महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक सुनित मुख़र्जी ने बीएलजेएस कॉलेज, तोशाम में आयोजित बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर रिसोर्स पर्सन व्यक्त किए। जब सब कुछ ख़त्म हो जाता है, साहित्य प्रारम्भ होता है विषय पर केंद्रित, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में सुनित मुख़र्जी ने समाज और जीवन में साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने डिजिटल मीडिया के युग में साहित्य की प्रासंगिकता पर विशेष फोकस किया। उन्होंहने कहा कि साहित्य बेजुबानों की जुबान होती है। साहित्य के बहुआयामी स्वरुप का विश्लेषण करते हुए सुनित मुख़र्जी ने उपस्थित जन को साहित्य से जुड़ने का आह्वान किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. श्याम वशिष्ठ ने किया। संगोष्ठी संजोयन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ . सोमेन्द्र शर्मा ने किया।

## नवयुग हाई स्कूल का 32वां स्थापना दिवस व वार्षिकोत्सव 'जज्बा' धूमधाम से मनाया



रोहतक। नवयुग हाई स्कूल में विद्यालय के 32वें स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिकोत्सव "जज़्बा" का भव्य आयोजन शिव कॉलोनी स्थित स्कूल प्ले ग्राउंड में उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में 32 पौधे लगाकर की गई। मुख्य अतिथि डीएसपी रोहतक रवि खुंडिया सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में हरियाणवी और राजस्थानी लोकनृत्य, शिव तांडव, छोटे बच्चों के आकर्षक नृत्य तथा किसान और सैनिक थीम पर आधारित देशभक्ति प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय दयानंद निनानिया के जीवन पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट सिमी निनानिया ने प्रस्तुत की, जबकि प्रधानाचार्य गीता जांगड़ा ने फाउंडेशन कोर्स के बारे में जानकारी दी।

### एलटीसी सुविधा बंद होने पर पेंशनरों में भारी रोषः वीरेंद्र शर्मा



रोहतक। हरियाणा सरकार ने राज्य के कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए एलटीसी से जुड़ा एक विवेकहीन निर्णय लिया है। सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार एलटीसी के बदले एक महीने की सैलरी या पेंशन लेने की सुविधा को 1 जनवरी 2028 से बंद कर दिया है। इसके बाद कर्मचारियों और पेंशनर्स को एलटीसी का लाभ केवल यात्रा के रूप में ही मिलेगा। यह आदेश हरियाणा सरकार के मानव संसाधन विभाग द्वारा 13 मार्च 2026 को जारी किया गया है। हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज के प्रधान वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि सरकार के आदेश में बताया गया है कि पहले कई श्रेणियों के कर्मचारियों और अधिकारियों को होम टाउन या भारत में किसी भी स्थान की यात्रा करने के बजाय एक महीने की सैलरी लेने का विकल्प दिया गया था।

### सूचना

मैं, अमरजीत सुपुत्र श्री राम कुमार निवासी ग्राम रिठाल नरवाल, तहसील व जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र में उसका नाम अध्ययन नरवाल दर्ज है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में गलती से नाम वरधान सिंह लिखा हुआ है। अब मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड में उसका सही नाम अध्ययन नरवाल करवाना चाहता हूं। भविष्य में उसे अध्ययन नरवाल के नाम से जाना जाए।

## मोरखेड़ी में लोगों को दी धर्म और सदाचार का पालन करने की प्रेरणा

रोहतक। मोरखेड़ी में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को समापन हुआ जिसका आयोजन ग्रामीणों ने मिलकर किया। समापन अवसर पर ग्रामीणों ने भंडारा लगाया व कथा वाचक सतीश आनंद शास्त्री को उपहार देकर सम्मानित किया। एक सप्ताह के गीता पाठ में कथावाचन सतीश आनंद शास्त्री ने ग्रामीणों को ज्ञान और भक्ति का संदेश दिया। कथा वाचक सतीश आनंद शास्त्री ने अपने प्रवचन में भगवान की महिमा का वर्णन किया व लोगों को जीवन में धर्म और सदाचार का पालन करने की प्रेरणा दी। ग्रामीणों ने कथा वाचक का सम्मान किया और उन्हें उपहार भेंट किए। इस अवसर पर हवन यज्ञ भी किया गया। इस अवसर गामीणों ने भंडारा का प्रसाद लिया। कथा के समापन पर ग्राम वासियों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम ग्रामीणों में सद्भावना जागृत करते हैं। इससे आध्यात्मिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों को आगे भी जारी रखेंगे। कथा वाचक सतीश आनंद शास्त्री ने कहा कि मोरखेड़ी के ग्रामीण ने बहुत सम्मान किया है।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज

फौजी भाईयों का इलाज ECHS

- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC

के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

**कार्यक्रम** महिलाओं और बालिकाओं के अधिकार, न्याय और कार्रवाई" विषय पर व्याख्यान

# महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगी तो ही मजबूत होगा समाजः जसलीन

- बाबा मस्तनाथ विवि रोहतक में हुआ आयोजन
- सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने भी लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक के महिला अध्ययन केंद्र तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में "सभी महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और कार्रवाई" विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन श्री बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, न्याय और लैंगिक समानता के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं को इस दिशा में संवेदनशील बनाना था।

डीसीपी जसलीन कौर ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में वास्तविक परिवर्तन तभी संभव है जब महिलाओं और बालिकाओं को समान अवसर, सम्मान और सुरक्षा प्राप्त हो। अधिवक्ता सीमा कुशवाहा ने अपने संबोधन में बताया कि वर्तमान समय में महिलाओं की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए कई प्रभावी कानून बनाए गए हैं, परंतु इनका लाभ तभी मिल सकता है जब महिलाएं और समाज इन कानूनों के प्रति जागरूक हों। इस अवसर पर बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. विनोद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कोमल रानी ने किया, जबकि कार्यक्रम के समन्वय और व्यवस्थाओं का दायित्व डॉ. सीमा (शिक्षा विभाग) और डॉ. रीतू जून ने संभाला। इस दौरान विश्वविद्यालय और विद्यालय की महिला शिक्षिकाओं के साथ-साथ सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में महिला अध्ययन केंद्र की अध्यक्ष प्रो. अरुणा आंचल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस प्रकार के संवाद अत्यंत आवश्यक हैं।

## खबर संक्षेप



### पठानिया पब्लिक स्कूल में लगाया डिजिटल मैमोग्राफी कैंसर स्क्रीनिंग शिविर

रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में सोमवार को महिला स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निःशुल्क डिजिटल मैमोग्राफी कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. अनिता नरूला चैरिटेबल फाउंडेशन, रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सेंट्रल, एलपीएस बोसार्ड और पठानिया पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्तन कैंसर के प्रति जागरूक करना और समय रहते इसकी पहचान सुनिश्चित करना था। इस दौरान आधुनिक मैमोग्राफी बस के माध्यम से कई शिक्षिकाओं की निःशुल्क डिजिटल जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्तन कैंसर के लक्षण, बचाव और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी।



### अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत आईबी विद्यालय में पहुंचा यूके के शिक्षकों व विद्यार्थियों का दल

रोहतक। आईबी विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक आदान-प्रदान (एक्सचेंज प्रोग्राम) के तहत यूनाइटेड किंगडम (यूके) से आए शिक्षकों और विद्यार्थियों के दल का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। इस दल में टिम मैक आर्डल, सारा विल्डे, जूड हॉटन सहित चार विद्यार्थी शामिल हैं। विद्यालय पहुंचने पर अतिथियों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह दल आईबी विद्यालय में आयोजित विभिन्न शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का अवलोकन करेगा। इसके साथ ही दोनों देशों के विद्यार्थी आपसी संवाद के माध्यम से शिक्षा, संस्कृति और अनुभवों का आदान-प्रदान करेंगे।



### एसजेके कॉलेज कलानौर में छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के प्रति किया जागरूक

रोहतक। सत जीन्दा कल्याणा कॉलेज कलानौर में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं में जागरूकता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय "भारत में महिलाओं की स्थिति" रहा, जिसमें छात्राओं को समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ. ममता रानी ने अपने संबोधन में भारत में महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक स्थिति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं शिक्षा, राजनीति, खेल, विज्ञान और प्रशासनिक क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके बावजूद समाज में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।



### सीबीएसई परीक्षाः विद्यार्थी बोले हिंदी की वितान किताब और साहित्य के प्रश्न कठिन पूछे गए

रोहतक। सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ) की ओर से सोमवार को कक्षा 12वीं की हिंदी विषय की परीक्षा देकर विद्यार्थियों ने कहा कि हिंदी की परीक्षा में वितान किताब व साहित्य के प्रश्न कठिन पूछे गए थे। जबकि, व्याकरण के प्रश्न बेहद सरल और आसान रहे। जिले के 24 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 12वीं की हिंदी विषय की परीक्षा में 4000 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा देकर लौटे विद्यार्थियों ने कहा कि प्रश्न एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित थे लेकिन साहित्य और वितान पुस्तक से पूछे गए प्रश्न काफी कठिन और घुमावदार रहे। उन्होंने कहा कि पत्र में अभिव्यक्ति और माध्यम व व्याकरण के प्रश्न अपेक्षाकृत आसान और सीधे थे जिससे अंक बढ़ाने में मदद मिलेगी।



### समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और डिजिटल जागरूकता पर स्वयंसेवकों को किया प्रेरित

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में छात्र कल्याण विभाग की अधिष्ठाता प्रो. सपना गर्ग मुख्य अतिथि तथा एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने शिविर का विधिवत उद्घाटन करते हुए स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

प्रो. सविता राठी ने विद्यार्थियों को समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण तथा सामुदायिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



### पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड, जवानों को दंगा निरोधक उपकरणों का कराया अभ्यास

रोहतक। पुलिस लाइन में सोमवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। इस परेड में जिले के सभी थाना व चौकी से पुलिसकर्मियों के साथ-साथ पुलिस कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए। परेड के दौरान पुलिस बल को कानून व्यवस्था की किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और अभ्यास कराया गया। पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित इस परेड में पुलिस जवानों की उपस्थिति और अनुशासन की जांच की गई। साथ ही जवानों को शारीरिक रूप से फिट रखने और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए विभिन्न प्रकार के अभ्यास भी करवाए गए। इस दौरान पुलिस कर्मियों को कानून व्यवस्था की स्थिति बनने पर दंगा नियंत्रण के लिए इस्तेमाल होने वाले उपकरणों के संचालन की जानकारी भी दी गई।

## खबर संक्षेप



### उपभोक्ता संरक्षण कानून की बारीकियों से कराया अवगत

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय के वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में सशक्त उपभोक्ता अधिकार और उत्तरदायित्व विषय पर एक विशेष विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. तृप्ति पन्नू (सदस्य न्यायाधीश, उपभोक्ता अदालत, रोहतक) रहीं। उन्होंने उपस्थित छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए उपभोक्ता संरक्षण कानून की बारीकियों से अवगत कराया।



### फॉलो-अप स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के स्टूडेंट्स एक्टिविटी सेंटर में सोमवार को एनीमिया मुक्त पोषण युक्त कैंपस अभियान के तहत एक फॉलो-अप स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यूआईपीएचएस निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग ने बताया कि इस शिविर में कुल 66 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनकी एनीमिया और पोषण स्थिति की जांच की गई।

### उपाध्यक्ष अनिल व पार्षद धीरज पर लगाया प्रतिबंध

**रोहतक।** जिला परिषद की गत 12 मार्च को बैठक में हुए विवाद और मारपीट के मामले में प्रशासन ने जिला परिषद के उपाध्यक्ष अनिल हुड्डा और पार्षद धीरज मलिक को अगली बैठक में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। दोनों को 12 मार्च की मीटिंग से भी अनुपस्थित माना गया है। सर्वविदित है बैठक के दौरान किसी मुद्दे को लेकर उपाध्यक्ष अनिल हुड्डा और पार्षद धीरज मलिक के बीच तीखी बहस हो गई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच हाउस में हाथापाई की नौबत आ गई थी। इतना ही नहीं, जब बैठक खत्म होने के बाद पार्षद बाहर आ रहे थे तो एक फिर से दोनों में लाठियां तक चली।

## निगम ने चलाया विशेष मेंटेनेंस अभियान, गर्मी के मौसम में नहीं लगेंगे कट

# बिजली सुधार अभियान तेज, 20 दिन में 150 से ज्यादा फॉल्ट ठीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने और ओवरलोड की समस्या कम करने के लिए बिजली निगम ने पिछले करीब 20 दिनों से विशेष मेंटेनेंस अभियान चलाया हुआ है। इस दौरान शहर की विभिन्न कॉलोनियों में लाइन चेकिंग कर खराब फ्यूज, ट्रांसफार्मर और तार बदले गए। निगम अधिकारियों के अनुसार इस अभियान के तहत कई तकनीकी खामियों को दूर कर बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाने का प्रयास किया गया है। निगम ने इस दौरान 90 फ्यूज, 12 ट्रांसफार्मर, 8 किलोमीटर तार/केब, 25 पोल व 150 से ज्यादा छोटे-बड़े फॉल्ट ठीक किए है।



### ओवरलोड व तकनीकी खराबी दूर करने के लिए चलाया अभियान

बिजली निगम के एसई बिजेंद्र नरवाल का कहना है कि पिछले कुछ समय से शहर के कई इलाकों में ओवरलोड और तकनीकी खराबी के कारण बार-बार बिजली ट्रिप होने की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद निगम ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर लाइन चेकिंग और मरम्मत कार्य शुरू किया। इस दौरान निगम की टीमों ने ट्रांसफार्मर, फीडर, पोल और बिजली लाइनों की जांच की।

### बिजली चोरी और पुरानी लाइनें भी बनी समस्या

निगम के अनुसार कुछ इलाकों में बिजली चोरी और हुकिंग के कारण ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। इससे फ्यूज उड़ने और लाइन ट्रिप होने की समस्या बढ़ जाती है। वहीं कई कॉलोनियों में पुरानी और जर्जर तार भी बार-बार फॉल्ट का कारण बन रही थीं। निगम ने ऐसे स्थानों पर विशेष ध्यान देते हुए तारों को बदलने और उपकरणों की मरम्मत का कार्य किया है। अधिकारियों का कहना है कि आगे भी नियमित रूप से निरीक्षण अभियान चलाकर बिजली व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

***निगम ने 90 फ्यूज, 12 ट्रांसफार्मर, 8 किलोमीटर तार/केबल, 25 पोल व छोटे-बड़े फॉल्ट ठीक किए***

### अभियान के तहत किए ये सुधार कार्य

- फ्यूज बदले गए : लगभग 85–90
- खराब ट्रांसफार्मर बदले गए : लगभग 10–12
- तार/केबल बदली गई : करीब 7–8 किलोमीटर लाइन
- पोल बदले गए : करीब 20–25
- फॉल्ट ठीक किए गए : 150 से ज्यादा छोटे-बड़े फॉल्ट

### किन कारणों से बदले गए उपकरण

- कई इलाकों में ओवरलोड के कारण फ्यूज और ट्रांसफार्मर खराब हो रहे थे।
- पुरानी और जर्जर लाइन के कारण बार-बार बिजली ट्रिप हो रही थी।
- बिजली चोरी और हुकिंग के कारण ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ रहा था।
- गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने से अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए गए।

### कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर और लाइनें बदली

अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान खराब ट्रांसफार्मरों को बदला गया और ओवरलोड कम करने के लिए कुछ स्थानों पर नए उपकरण लगाए गए। इसके अलावा बिजली के खंभों और लाइनों की मरम्मत भी की गई। निगम का कहना है कि गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में पहले से ही व्यवस्था को मजबूत करना जरूरी होता है ताकि उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली कटौती का सामना न करना पड़े। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम ने मेंटेनेंस कार्य तेज कर दिया है।

### आज 20 कॉलोनियों में होगा मरम्मत कार्य

बिजली निगम की ओर से मंगलवार को भी शहर की 20 कॉलोनियों में लाइन मरम्मत और मेंटेनेंस का काम किया जाएगा। इस दौरान निर्धारित समय में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग करने की अपील की है।

**सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक**
राजीव कॉलोनी, खोकरा कोट, सलारा मोहल्ला, रामजोहड़ी, बाल्मीकि चौक, पाडा मोहल्ला, तेज कॉलोनी, हनुमान कॉलोनी।

**सुबह 2 से 8 बजे तक**
मॉडल टाउन, सीआर रोड, तिकोना पार्क लाल कुआं, भरत कॉलोनी।

**सुबह 10 से 2 बजे तक**
सेक्टर-2 मार्केट, लाढ़ौत रोड, शास्त्री नगर, हैफेड रोड, आजादगढ़, उत्तम बिहार, सूर्य नगर।

## ओवरलोड एरिया में बिजली निगम की सख्त कार्रवाई, दो दिन में 7 चोरी पकड़ी

- पांच टीमों ने चलाया चेकिंग अभियान, उपभोक्ताओं पर 4 लाख का जुर्माना ठोका

**रोहतक।** ओवरलोड और बिजली चोरी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए बिजली निगम ने शनिवार और रविवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान निगम की पांच टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में जांच की और कुल सात मामलों में बिजली चोरी पकड़ी। कार्रवाई के दौरान निगम की टीमों ने संबंधित उपभोक्ताओं पर करीब 4 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही उन्हें सख्त चेतावनी दी गई है कि भविष्य में अगर इस तरह की अनियमितता दोबारा पाई गई तो उनका बिजली कनेक्शन काटने के साथ-साथ उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### बिजली चोरी पर निगम की चेतावनी

बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार पिछले कुछ समय से कई इलाकों में ओवरलोड की समस्या सामने आ रही थी। स्थानीय स्तर पर मिली शिकायतों और तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर निगम ने उन क्षेत्रों की पहचान की जहां बिजली चोरी या अनियमित उपयोग की आशंका थी। इसी के तहत शनिवार और रविवार को पांच टीमों का गठन कर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

### मीटर से छेड़छाड़

अभियान के दौरान टीमों ने कई घरों और दुकानों के मीटर, कनेक्शन और बिजली उपयोग की जांच की। जांच के दौरान सात उपभोक्ता ऐसे पाए गए जो अवैध तरीके से बिजली का उपयोग कर रहे थे। कुछ स्थानों पर मीटर से छेड़छाड़ की गई थी, जबकि कुछ उपभोक्ता सीधे लाइन से बिजली लेते हुए पाए गए।

### चोरी करने पर कटेगा कनेक्शन



बिजली के एसई बिजेंद्र नरवाल ने बताया कि ऐसे मामलों में नियमानुसार जुर्माना लगाया गया है और उपभोक्ताओं को तुरंत राशि जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। यदि तय समय सीमा के भीतर जुर्माना जमा नहीं कराया गया तो उनके खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज किया जाएगा। यह भी कहा कि बिजली चोरी के कारण न केवल निगम को आर्थिक नुकसान होता है बल्कि इससे पूरे इलाके की बिजली व्यवस्था भी प्रभावित होती है। ओवरलोड की स्थिति बनने से ट्रांसफॉर्मर पर दबाव बढ़ता है, जिससे बार-बार बिजली कटौती और तकनीकी खराबी की समस्या सामने आती है।

**चेकिंग अभियान रहेगा जारी:** बिजली निगम ने स्पष्ट किया है कि आगे भी ऐसे क्षेत्रों में नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाए जाएंगे। निगम की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं और जहां भी बिजली चोरी या अनियमितता की सूचना मिलेगी, वहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी। निगम ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली का उपयोग नियमों के अनुसार करें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि से बचें। साथ ही लोगों से यह भी कहा गया है कि यदि उनके क्षेत्र में कहीं बिजली चोरी हो रही है तो इसकी सूचना तुरंत निगम को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आईएचएम रोहतक में डिजिटल मार्केटिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक सप्ताह का मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुआ। संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, आईएमटी रोहतक के सहयोग से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में रंजय सिंह, मैनेजर एमएसएमई और डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ संदीप कटारिया उपस्थित रहे। संस्थान के प्राचार्य शंभू नाथ गौतम ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल मार्केटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों को सत्रों में सक्रिय भागीदारी कर व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। संदीप कटारिया ने आतिथ्य उद्योग में डिजिटल मार्केटिंग की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज होटल, रिसॉर्ट और पर्यटन संस्थानों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मजबूत उपस्थिति आवश्यक हो गई है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया, ई-मेल मार्केटिंग और ऑनलाइन ट्रैवल पोर्टल्स के माध्यम से संस्थान अधिक ग्राहकों तक पहुंच बना सकते हैं और अपनी ब्रांड पहचान को मजबूत कर सकते हैं।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्य वक्ता।

### डिजिटल रणनीतियां बढ़ाती हैं होटल बुकिंग

एमएसएमई मैनेजर संजय सिंह ने कहा कि आज के यात्री होटल या रिसॉर्ट का चयन करने से पहले ऑनलाइन रिव्यू, रेटिंग और वेबसाइट की जानकारी का अध्ययन करते हैं। ऐसे में प्रभावी डिजिटल रणनीतियां बुकिंग बढ़ाने और ग्राहकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# मंडियों में फसल लेकर आने वाले किसानों को उपलब्ध हो समुचित सुविधाएं : एसडीएम

## गेट पास बनवाने के लिए मोबाइल नंबर और आधार कार्ड अनिवार्य

- एसडीएम विपिन कुमार ने महम अनाज मंडी में फसल खरीद प्रबंधों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम के एसडीएम विपिन कुमार ने निर्देश दिए हैं कि अनाज मंडी महम और अन्य खरीद केंद्रों में फसल खरीद का कार्य सुचारू और व्यवस्थित तरीके से किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने आज महम मंडी का दौरा कर खरीद कार्यों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम विपिन कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में किसानों के लिए पीने के स्वच्छ पानी, बिजली की पर्याप्त व्यवस्था, शौचालय तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि मंडी परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि किसानों और मजदूरों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। एसडीएम ने बताया कि मंडी में फसल की खरीद हैफेड एजेंसी द्वारा की जाती है। किसानों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मंडी में वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है तथा अतिरिक्त आवश्यकता होने पर वाटर कैम्पर के माध्यम से भी पानी की पूर्ति की जाएगी।



**महम।** अनाज मंडी महम में फसल खरीद प्रबंधों का जायजा लेते एसडीएम विपिन कुमार।

## छात्रों को नशे के प्रति किया जागरूक

**रोहतक।** पुलिस विभाग की ओर से सोमवार को हसनगढ़ स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने एवं नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एएसआई मोहन ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। एएसआई अमर कटारिया ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा यातायात संकेतों का पालन करने की अपील की।




**रोहतक।** समस्याएं सुनते नगराधीश अंकित कुमार, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह व जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल।

### अधिकारियों ने सुनीं लोगों की परिवेदनाएं

**रोहतक।** लघु सचिवालय में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में में नगराधीश अंकित कुमार, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल ने नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की। अधिकारियों ने समस्याएं सुनने के दौरान मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे इन समस्याओं का जल्द से जल्द उचित निपटारा करें। नगराधीश अंकित कुमार ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों की लंबित व रि-ओपन हुई शिकायतों का तुरंत निपटारा करवाये। शिविर में डीएमसी जितेंद्र सिंह, कृषि उपनिदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की कार्यकारी अभियंता सीमा नारा, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संदीप सिंह, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल, एलडीएम महाबीर प्रसाद, डीआईओ महेश भारद्वाज, हाइड्रोलॉजिस्ट दलबीर राणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व भाजपा के प्रतिनिधियों में सतीश चौधरी व अंकुश बिट्टू मौजूद रहे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |


+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### सेल्फी प्वाइंट सौंदर्यीकरण में देगा योगदान

# आई लव किला रोड सेल्फी प्वाइंट एवं सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण तथा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए लगभग 26 लाख रुपये की लागत से आई लव किला रोड सेल्फी प्वाइंट एवं सार्वजनिक शौचालय का निर्माण करवाया गया। इसका विधिवत उद्घाटन मेयर रामअवार वाल्मीकि द्वारा वार्ड सदस्य कपिल नागपाल, किला रोड़ मार्केट के प्रधान दीपक पुनियानी, नगर निगम से सहायक अभियंता तरूण कुमार व मंदीप, कनिष्ठ अभियंता सूर्या धनखड़ तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में नारियल तोड़कर किया गया। इय दौरान उपस्थित लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए नगर निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख स्थलों के सौंदर्यकरण तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। यहा सेल्फी प्वाइंट बनने से यह क्षेत्र शहर का एक आकर्षक स्थल बनेगा, जहां स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ बाहर से आने वाले लोग भी अपनी यादों को संजो सकेंगे।




**रोहतक।** मेयर रामअवार वाल्मीकि, वार्ड सदस्य कपिल नागपाल, किला रोड़ मार्केट के प्रधान दीपक पुनियानी व अन्य सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### नगर निगम का लक्ष्य शहर को सुंदर बनाना : महापौर

महापौर ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना है। इसी उद्देश्य के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास एवं सौंदर्यकरण के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं मिल सकें। नागरिकों से भी अपील की कि वे शहर की स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें तथा सार्वजनिक संपत्तियों की देखभाल करें। वार्ड सदस्य कपिल नागपाल ने कहा कि रोहतक शहर की किला मार्केट में प्रतिदिन हजारों व्यक्तियों का आवागमन रहता है। सेल्फी प्वाइंट बनने से किला रोडड़ मार्केट की सुन्दरता और अधिक बढ़ेगी व यह शहर का एक आकर्षक स्थल बनेगा।

## 1.14 लाख अधिवक्ता आज करेंगे 157 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

# बार काउंसिल चुनाव : मैदान में रोहतक के छह प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। 18 मार्च को होने वाले चुनाव में रोहतक के छह प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें विजेंद्र सिंह अहलावत, बलवान सुहाग, रणबीर ढाका, अंजली सहरावत, दिव्या दहिया और योगेश शर्मा मैदान में हैं। विजेंद्र सिंह अहलावत रोहतक से पहली बार पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चेयरमैन बन चुके हैं। वह एक बार वाइस चेयरमैन तथा दो बार चेयरमैन रह चुके हैं। वहीं बलवान सुहाग और रणबीर ढाका वरिष्ठ अधिवक्ता हैं और वह रोहतक बार एसोसिएशन के प्रधान रह चुके हैं। दोनों ही राजनीति में भी सक्रिय हैं।

- सात महिला सदस्य चुनाव जीतकर काउंसिल की सदस्य बनेंगी
- 18 मार्च को हरियाणा और पंजाब में चुनाव कराए जाएंगे
- तेइस सदस्य चुने जाएंगे जो चेयरमैन-वाइस चेयरमैन का चयन करेंगे




### महिलाओं के लिए भी आरक्षण को लागू किया गया

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इस बार चुनाव में महिलाओं के लिए आरक्षण भी लागू किया गया है। सात महिला सदस्य चुनाव जीतकर काउंसिल की सदस्य बनेंगी, जबकि दो महिला सदस्यों को नामित किया जाएगा। इस नए प्रावधान से महिला अधिवक्ताओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### आज चंडीगढ़ में होगा मतदान

चुनाव के लिए कुल 157 प्रत्याशी मैदान में हैं और सभी प्रत्याशी अधिवक्ताओं से लगातार संपर्क कर समर्थन जुटाने में लगे हैं। इनमें 53 महिला और 104 पुरुष उम्मीद्वार शामिल हैं। पहले 17 मार्च को चंडीगढ़ में मतदान होगा, जबकि 18 मार्च को हरियाणा और पंजाब में चुनाव कराए जाएंगे। इस चुनाव में हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के करीब 1 लाख 14 हजार अधिवक्ता मतदान करेंगे। इनमें हरियाणा के 59,345, पंजाब के 37,873 और चंडीगढ़ के 17,540 अधिवक्ता शामिल हैं। चुनाव में कुल 23 सदस्य चुने जाएंगे, जो बाद में चेयरमैन और वाइस चेयरमैन का चयन करेंगे।